# हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला 176215

**Himachal Pradesh Board of School Education, Dharamshala-176215**

क्रमांक: हि०शि०बो०/22/दशम-2/लेटर सैट/2/2025/13003-13025 दिनांक: 12-09-2025

## "अधिसूचना"

अधिसूचित किया जाता है कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा सत्र 2025-26 के लिए हि०प्र० के राजकीय एवं हि०प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड से संबद्धता प्राप्त निजी स्कूलों के नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं व बारहवीं कक्षाओं के नियमित परीक्षार्थियों के ऑनलाइन पंजीकरण करने के लिए **ऑनलाइन पोर्टल दिनांक: 15-09-2025 से प्रारंभ किया जा रहा है** तथा ऑनलाइन पंजीकरण करने की **अंतिम तिथि दिनांक: 15-10-2025** तक निर्धारित की गई है। जिन परीक्षार्थियों का पंजीकरण पहले हो चुका है उन परीक्षार्थियों का नया पंजीकरण करने की आवश्यकता नहीं है, उन परीक्षार्थियों को पहले से आवंटित पंजीकरण संख्या के अंतर्गत ही परीक्षाओं से संबंधित कार्यवाही की जानी है।

नए परीक्षार्थियों को पंजीकरण करवाने के लिए ऑनलाइन पोर्टल में अंकित 'New registration' की ऑप्शन को क्लिक करने के उपरांत परीक्षार्थी से संबंधित जानकारी अपलोड करनी होगी। परीक्षार्थियों का पंजीकरण करवाने हेतु **पंजीकरण शुल्क ₹50/-** प्रति छात्र ऑनलाइन ही जमा करवाना होगा। इसके साथ-साथ विद्यालय से संबंधी अन्य सूचना भी प्रपत्र के अनुसार भरकर भेजनी होगी।

उपरोक्त निर्धारित अंतिम तिथि के उपरांत किसी भी परीक्षार्थी का पंजीकरण नहीं किया जाएगा तथा समयबद्ध पंजीकरण न किए जाने की पूरी जिम्मेदारी संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक की होगी। सभी प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक तथा कक्षा के प्रभारी यह सुनिश्चित करें कि किसी भी परीक्षार्थी का नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्म तिथि, लिंग तथा श्रेणी (Category) आदि सही अंकित हो। किसी भी परीक्षार्थी का विवरण यदि विद्यालय के प्रवेश रजिस्टर से भिन्न पाया जाता है तो उसका पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित स्कूल के प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक तथा कक्षा के प्रभारी का होगा।

**उप सचिव (परीक्षा)**
**कृते सचिव**

पृष्ठांकन संख्या: -यथोपरि-

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:

1. निजी सहायक, माननीय अध्यक्ष महोदय/सचिव महोदय, हि० प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड।
2. समस्त उप सचिव/सहायक सचिव।
3. समस्त उप निदेशक (उच्चतर शिक्षा), हि० प्र० को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. अनुभाग अधिकारी संचालन-1, आय एवं प्राप्ति शाखा।
5. अनुभाग अधिकारी (I.T. Cell) को इस आशय के साथ प्रेषित है कि अधिसूचना को बोर्ड वेबसाइट व समस्त स्कूल Login Id पर अपलोड करें तथा दिनांक: 15-09-2025 से पंजीकरण प्रक्रिया प्रारंभ करवाने बारे आवश्यक कार्यवाही करें।
6. लोक संपर्क प्रभारी हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड को इस आशय के साथ प्रेषित है कि इस अधिसूचना को समाचार पत्रों में प्रसारित करने बारे आवश्यक कार्यवाही करें।
7. रक्षक संचिका।

**उप सचिव (परीक्षा)**
**कृते सचिव**

Gayanalok Parisar, Dharamshala Distt. Kangra(HP)-176215
Tele: 01892-242149….., 242139, 242119
e-mail : hpbose2011@gmail.com
fax: 01892-225419, 222817